# फिरौती मांगने वाले तीन गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी के पिपरा टोली से चालक समेत अपहरण कर हाइड्रा मालिक से एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले गिरोह का खूंटी पुलिस ने खुलासा किया है। गिरफ्तार अपराधियों में खूंटी निवासी नदीम अंसारी उर्फ बिल्लू, एजाजुल अंसारी उर्फ मोनू और अनगड़ा महेशपुर निवासी इमरान खान उर्फ गुड्डू शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई हाइड्रा क्रेन, एक आल्टो, एक स्कूटी और मोबाइल फोन जब्त किया है। घटना एक अप्रैल की बताई जा रही है। गोड्डा से झारसुगड़ा जा रहा हाइड्रा क्रेन को खूंटी के अपराधियों ने ड्राइवर समेत अपहरण किया था। बिहार के छपरा वर्तमान में छत्तीसगढ़ निवासी राजेश कुमार सिंह ने खूंटी थाना को लिखित शिकायत कर एक करोड़ फिरौती मांगने की शिकायत दर्ज करायी थी। डीएसपी अमित कुमार ने खूंटी थाना में एक प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि खूंटी थाना में अपहरण और फिरौती मांगे जाने की लिखित शिकायत मिली थी। मामले पर एसपी ने एसआइटी गठित की जिसमे जांचोपरांत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और हाइड्रा समेत अपहरण में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया। डीएसपी ने बताया कि अपहरण का मास्टरमाइंड नदीम अंसारी ने अकेले ही पिस्टल का भय दिखाकर ट्रेलर को रुकवाया और ट्रेलर चालक को अपने कब्जे में कर तोरपा रोड ले गया। अपहरण के बाद ट्रेलर चालक दीनदयाल राय को कब्जे में लेकर उसी के मोबाइल से हाइड्रा मालिक को रंगदारी मांगी गई। नही मिलने पर अपहरणकर्ताओं ने चालक को छत्तीसगढ़ के खरसिया लेकर चले गए जहां चालक का भाई से बातचीत कर उससे 35000 फिरौती की पहली किस्त ली। उसके बाद अपहरणकर्ताओं ने चालक को वापस खूंटी ले आये और ट्रेलर से हाइड्रा को उतरवा कर ट्रैलर के साथ चालक को भेज दिया जबकि हाइड्रा को इमरान खान को 20 हजार देने का प्रलोभन देकर तोरपा थाना क्षेत्र के रोड़ो गांव होते हुए कर्रा के एक जंगल मे छिपा दिया। हाइड्रा को जंगल मे छिपाकर नदीम अंसारी उर्फ बिल्लु सांडा, इमरान खान उर्फ गुड्डु ये दोनों खूंटी थाना क्षेत्र के हातुदामी जंगल में छिप गये और वहां से फिर हाइड्रा मालिक से फिरौती की मांग करने लगा नही देने पर हाइड्रा जलाने की धमकी देने लगा। इसी बीच मालिक ने खूंटी थाना पहुंच लिखित शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस ने जांच शुरू कर दिया। जांचोपरांत नदीम इमरान और एजाजुल गिरफ्तार हुआ। डीएसपी ने बताया कि नदीम अंसारी,इमरान खान ये दोनों खूंटी थाना क्षेत्र के हातुदामी जंगल में छिपा था जबकि मो एजाजुल अंसारी उर्फ मोनु अंसारी रांची खूंटी मुख्य मार्ग स्थित पिपरा टोली के पास पहुंचा था जिसे तकनीकी सहयोग से पकड़ा गया। छापेमारी टीम में खूंटी डीएसपी अमित कुमार, इंस्पेक्टर सह खूंटी थाना प्रभारी पिंकु कुमार यादव, एससीएसटी थाना प्रभारी कामेश्वर कुमार,पुअनि अजय कुमार शर्मा, तोरपा थाना के पुअनि विश्वजीत ठाकुर,अनि रंजीत किशोर, पुअनि रवि कुमार सोनी,राजेश कुमार हाजरा समेत सशत्र बल शामिल थे।

## सड़क हादसा में एक घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** राजधानी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आय दिन इसके बारे में जानकारी मिलती रहती है। जो बहुत ही दुखमय की बात है। इसी तरह सोमवार को बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो साईं मंदिर मार्ग पर सोमवार की पूर्ववह्न लगभग साढ़े दस बजे हरिहरपुर जामटोली गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक कर्रा बिन गांव निवासी 22 वर्षीय दीपास लोहरा पिता लालू लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा एल एन दास ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल दीपास ने बताया कि वह बेड़ो आया था और अपना घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान जामटोली गांव के समीप सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिर कर गंभीर रूप घायल हो गया।

# झारखण्ड भाषा खतियान संघर्ष समिति ने की अहम बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सोनाहातू**
बांकू राधा रानी मैदान में आगामी 6 अप्रैल को टाइगर जयराम महतो और सूर्य सिंह बेसरा की महाजुटान को लेकर राजू महतो के नेतृत्व में बैठक की हुए जिसकी अध्यक्षता रंजित महतो और श्री अभिराम महतो ने किया। बैठक में सर्व समिति से चंदा जमा किया गया और अभी तक का सारा आय और व्यय दिखाया गया। मुख्य अथिति का धूमधाम से स्वागत पर चर्चा हुई जिसमे सारे युवा, बुजुर्ग और ग्रामीण साथियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अगली बैठक 5 अप्रैल को सुबह 10 बजे बुलाई गई है। आज के बैठ में केशव महतो, अजीत महतो, खुदीराम महतो, जगरनाथ महतो, सेवाराम महतो, चंद्र महतो, प्रयाग महतो, धनंजय महतो, दुखहरण महतो, परमेश्वर महतो इत्यादि ओर ग्रामीण शामिल हुए।

### बेड़ो प्रखंड सभागार में डालसा ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# झालसा स्कीमों की जानकारी दी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त -सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड के सभागार में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता कविता काथी, शिवानी सिंह, सधनी देवी, सतीश कुमार, उमेश कुमार, रीना लिन्डा, पीएलवी मालती देवी, सधनी देवी, सतीश कुमार एवं राजा आदि मौजूद थे। वहीं अधिवक्ता ने मौजूद लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी सधनी देवी व सतीश कुमार ने लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। सतीश कुमार ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही मौजूद लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में बताया।ज्ञात हो कि डायन प्रथा पर भी एलएडीसी के अधिवक्ता ने प्रकाश डाला। वहीं आगामी 13 मई को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गयी। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलझाने का लक्ष्य रखा गया हैं। मौके पर पीएलवी के द्वारा मौजूद लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

# संत रामपाल महाराज का सत्संग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
नयासराय मे संत रामपाल महाराज के सत्संग कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। जिसमें सभी धर्म शास्त्रों यथा गीता, बाइबल, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब, पुराणों तथा कबीर सागर में लिखे गूढ़ रहस्य को दिखाकर उनका वाचन के द्वारा जीवन में अनुसरण करने का उपदेश दिया गया। आयोजन से जुड़े करूणा महतो ने बताया कि सत्संग में संत रामपाल महाराज ने समाज में फैली बुराइयों नशाखोरी, दहेजप्रथा, भ्रूण हत्या, रिश्वतखोरी आदि को दूर करने तथा एक स्वच्छ समाज बनाने का संदेश दिया है। रविवार को अपराह्न 3 बजे तक चले इस सत्संग में समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा को मिटाने तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूक किया गया। शिष्यों ने बताया कि संत रामपाल महाराज के सत्संग को ग्रहण करके लोग सामाजिक बुराइयों व कुरीतियों से दूर हो चुके हैं तथा नशे की लत को छोड़ दहेज मुक्त शादियां कर फिजूलखर्ची को रोक रहे हैं। पूरे देश में धार्मिक कार्यक्रम समाज को जागरूक करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। इस सत्संग कार्यक्रम में दिनेश करमाली, रामजतन मुंडा, कमलेश कुमार सिंह, राजेश कुमार बृंद, राजीव सिन्हा, संजय करमाली, सुरेश दास समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सरहुल शोभायात्रा में शामिल हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो

**बेड़ो।** प्रकृति पर्व सरहुल पर प्रखंड के मुरतो पंचायत के डाँड़कंडरिया व मंदरी गांव में सोमवार की शाम जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा था। इस दौरान भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर नृत्य किया व मांदर की थाप पर ग्रामीणों को झुमाया इस अवसर पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरहुल पर्व पूर्णरूप से प्रकृति का पर्व है। जो पर्यावरण का संरक्षण का संदेश देता है। यह सीधा प्रकृति को इंसानों से जोड़ता है। मौके पर महादेव कुजूर, नारायण महली,वीरेंद्र उरांव, सोमनाथ उरांव, सूरज भगत,कर्मा उरांव, रमेश भगत, विष्णु तिर्की, सुभाष उरांव, निरंजन केरकेट्टा, बुधु उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# केजीएस मांडर के भवन में मरम्मती के नाम पर बंदरबांट



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का एवं उप प्रमुख अमानत अंसारी ने कस्तूरबा गांधी +2 आवासीय विद्यालय मांडर का निरीक्षण कर विद्यालय की विभिन्न समस्याओं का जायजा लिया।वर्षो से विभागीय उपेक्षा का शिकार पूरी तरह ध्वस्त चारदीवारी के शीघ्र निर्माण कराने की मांग उच्चाधिकारियों से करने की बात कही, साथ ही पुराने दो भवनों के जीर्णोद्धार, टूटे खिड़की दरवाजे की मरम्मती तथा रंग रोगन के कार्य में काफी लापरवाही देखने को मिल रही है।भवन में मरम्मती के नाम पर बंदरबांट तथा सरकारी नियम का उलंघन पर जांच कर विभागीय कार्रवाई अति आवश्यक है। ठेकेदार द्वारा सही मिस्त्री से काम नहीं करवाते हुए सिर्फ लीपापोती का कार्य किया जा रहा है।सभी छज्जों एवं दीवाल के किनारे को जैसे तैसे आड़ा तिरछा बना कर रंग रोगन किया जा रहा है हर जगह पलस्तर जैसे तैसे कर के रंगने का कार्य करवाना इनके गलत मंशा को दर्शा रहा है। प्रमुख ने वार्डेन इन्दु केरकेट्टा से मरम्मती कार्य का विभागीय आदेश व वर्क ऑर्डर की जानकारी मांगी तो उन्होंने किसी भी विभागीय आदेश निर्देश से साफ इंकार करते हुए कहा कि ये विभाग के जेईई विजय राय के द्वारा दिए आदेश से हो रहा है जो जानकारी लेना है उन्हीं से लें।

## फ्लाईओवर निर्माण सामग्री की चोरी करते हुए तीन गिरफ्तार

**रांची।** छोटी हो या बड़ी चोरी की घटनाएं राजधानी में आये दिन देखने को मिलती है। अगर किसी का घर खाली पड़ा है देखा गया तो उसका ताला तोड़कर चोरी कर लेना एक आसान की बात है। इसी तरह लोअर बाजार पुलिस ने फ्लाईओवर निर्माण की सामग्री चोरी करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपियों में कोकर गढ़हाटोली शांतिनगर का मो अफरोज, कांटाटोली रजा कॉलोनी का समी खान और साहिल खान शामिल है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी बीते रविवार की रात फ्लाईओवर निर्माण के लिए लाए गए छड़ व सीमेंट की चोरी कर रहा था। मौके पर मौजूद कंपनी के कर्मियों ने देख लिया और सभी को दौड़ाकर पकड़ा। इसके बाद लोअर बाजार पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

# नगेंद्र जिला उपाध्यक्ष व कार्तिक जिला सचिव नियुक्त किये गये



**सिल्ली।** सोमवार को पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा, रांची में रांची जिला कांग्रेस कमिटी की विस्तारित बैठक रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।जिसमें सिल्ली निवासी नगेंद्र नाथ गोस्वामी को जिला उपाध्यक्ष , एवं कार्तिक चंद्र महतो को रांची जिला कांग्रेस सचिव के पद की नियुक्ति - पत्र दिया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की, खिजरी के मा. विधायक श्री राजेश कच्छप, प्रदेश महासचिव श्री शिव कुमार भगत, श्री अजय नाथ शाहदेव, श्री सुरेश बैठा, श्रीमति रमा खलखो , अशोक मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## बेड़ो के जमनी में पांच जंगली हाथियों ने मटर की फसल रौंदी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के जमनी गांव में रविवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे पांच जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के सालिक सिंह के मटर फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से गांव लोगों में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं सालिक सिंह ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन व वन विभाग से मुआवजे की गुहार लगाई है। वहीं बिजली विभाग द्वारा हाथी प्रभावित गांवों में रात में लाइन काट दिए जाने से किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।इधर ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और जंगली हाथियों से सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

## डीएवी विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में नए सत्र का हुआ शुभारंभ

**बेड़ो।** बेड़ो के डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को सरस्वती वंदना के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर कर मां सरस्वती से बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बच्चों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों को नए सत्र में खूब मन लगाकर पढ़ने को कहा साथ में बच्चों से कहा की प्रतिदिन अपने मां पिताजी के आशीर्वाद लेकर स्कूल आएं और मां पिताजी और शिक्षकों के मार्गदर्शन में रहें और आदर करें और इस वर्ष के लिए एक लक्ष्य निर्धारित करें और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत करें। उन्होंने कहा की अब स्कूल को सीबीएसइ से बारहवीं तक की मान्यता मिल गई है।

**कार्यक्रम** | प्रदेश कांग्रेस प्रभारी का आज से 16 अप्रैल तक झारखंड प्रवास

# जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम शुरू




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पाण्डे का झारखंड आगमन हो रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया की 4 अप्रैल को अपराह्न 03:45 बजे इंडिगो सेवा विमान से बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची पहुंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी 04 अप्रैल से लेकर 16 अप्रैल 2023 तक झारखंड में ही प्रवास करेंगे तथा 11 दिनों तक चलने वाली 1950 किमी की जय भारत सत्याग्रह यात्रा के जिलावार कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि 04 अप्रैल 2023 को सभी जिला मुख्यालयों में लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च का आयोजन होगा। प्रदेश कॉंग्रेस प्रभारी स्वंय राज्य की राजधानी रांची में आयोजित लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च में शामिल होगें, जो शाम 5.30 बजे स्थानीय जिला स्कूल प्रांगण स्थित शहीद स्थल से आरंभ होगा और कचहरी चौक होते हुए राजभवन तक जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता विधायक दल आलमगीर आलम, कॉंग्रेस के सभी मंत्रीगण विधायकगण, कार्यकारी अध्यक्षगण, प्रदेश पदाधिकारी सहित अग्रणी मोर्चा संगठन विभाग के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी एवं नेतागण उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश के आलोक में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आह्वान पर जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिलों के प्रखण्ड क्षेत्रों के अन्तर्गत हाट बाजारों चौक-चौराहों में नुक्कड़ सभा का कार्यक्रम आयोजन कर आम जनता के बीच मोदी सरकार के अलोकतांत्रिक एवं तानाशाही चरित्र का पदार्फाश करने का कार्य झारखंड प्रदेश के अंतर्गत तमाम जिला इकाइयों के तत्वावधान में किया जा रहा है जो 29 मार्च से ही आरंभ हो चुका है और 08 अप्रैल 2023 तक चलेगा। सभी जिलों में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा, संवाददाता सम्मेलन का आयोजन संबद्ध जिला के प्रभारी महासचिव के उपस्थिति में कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन संपन्न हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में दिनांक 05 अप्रैल से लेकर 16 अप्रैल तक जय भारत सत्याग्रह यात्रा की शुरूआत लोहरदगा जिला में प्रातः 10 बजे से होगी, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड, दुमका, जामताड़ा धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, सरायकेला, खरसावा, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़, होते हुए रांची पहुंचेगी, जहां 16 अप्रैल को 1950 किमी चलने वाली इस यात्रा का समापन होगा। यात्रा के क्रम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सभा एवं कार्यकर्ता बैठकों में शामिल रहेंगे।

## ऑटो क्लस्टर सभागार में की गयी जनसुनवाई

**सरायकेला खरसावां** । झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के तत्वाधान में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स के 1.2 एमटीपीए इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण और विस्तार को लेकर सोमवार को सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई । भारी विरोध और समर्थन के बीच जनसुनवाई के प्रक्रिया को पूरा किया गया । जनसुनवाई कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा समेत बड़ी तादाद में कंपनी के आसपस गांव के ग्रामीण, राजनीतिक दल के कार्यकर्ता शामिल हुए। 2 घंटे से भी अधिक चले जनसुनवाई में गहमागहमी का माहौल रहा। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डीसी की अध्यक्षता में गठित की गई जनसुनवाई कमेटी में प्रमुख रूप से कमेटी के अध्यक्ष एडीसी सुबोध कुमार , टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स के प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव आशुतोष कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे । इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा काफी नाराज दिखे।

# 54 वें जन्मदिन पर याद किये गये रातू के युवराज



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
छोटानागपुर राज्य के युवराज व हटिया विधानसभा के कांग्रेस विधायक स्वर्गीय गोपाल शरण नाथ शाहदेव 54 वां जन्म उत्सव पर बड़े ही श्रद्धा के साथ याद किये गये। 28 जून 2010 को उनका आकस्मिक निधन हो गया था। इस मौके पर युवराज चोंक, फन कैशल पार्क व किला सभागार में कार्यक्रम कर सैकड़ों लोगों ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। दिवंगत युवराज की बहनों व राजपरिवार के सदस्यों ने उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। पूर्व डीएसपी अशोक तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रुप से अजय नाथ शहदेव, नितेश लाल, पृथ्वी नाथ शाहदेव, कुमार अतुल राज, दामोदर मिश्र, अरविंद पांडेय, सुभाष मुंडा, राजकुमार, प्रदीप साहू, अशोक तिर्की, निर्मला भगत, सुबोध साहू, निर्मल साहू, मिथिलेश दुबे के अलावा सैंकड़ो लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अतुल राज ने किया।

